# पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ

अध्यक्ष छात्र कल्याण

बिहार-854301

Email ID :- dsw@purneau.ac.in


पत्रांक :– PUP (DSW - 09/26) - 122 /26

दिनाक:– 05-09-2026

## U.G. सत्र (2026-2030) में स्पॉट राउंड के माध्यम से नामांकन हेतु चयनित अभ्यर्थियों के संबंध में सूचना

U.G. सत्र 2026-2030 में नामांकन हेतु आवेदन करने वाले सभी संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि स्पॉट राउंड में नामांकन हेतु चयनित अभ्यर्थियों की चयन सूची महाविद्यालय को जारी कर दी गई है। जिन अभ्यर्थियों ने स्पॉट राउंड में नामांकन हेतु आवेदन किया था, वे अपने चयनित महाविद्यालय में जाकर चयन सूची में अपना नाम देख सकते हैं। चयन सूची में नाम अंकित होने पर संबंधित अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण-पत्रों एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेजों का सत्यापन कराते हुए अपना नामांकन सुनिश्चित करेंगे।

**नामांकन हेतु महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. स्पॉट राउंड के माध्यम से नामांकन की सुविधा केवल दिनांक **06.09.2026** से **07.09.2026** तक उपलब्ध रहेगी। निर्धारित अवधि के पश्चात नामांकन की तिथि में किसी भी परिस्थिति में विस्तार नहीं किया जाएगा।
2. स्पॉट राउंड के लिए अभ्यर्थियों को कोई Offer Letter जारी नहीं किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थी अपने चयनित महाविद्यालय में जाकर स्वयं अपना नामांकन सुनिश्चित करेंगे।
3. चयनित अभ्यर्थी निर्धारित अवधि के भीतर अपने मूल प्रमाण-पत्रों एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित महाविद्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन एवं नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।
4. सभी संबंधित महाविद्यालय विश्वविद्यालय द्वारा DSW के ई-मेल के माध्यम से प्रेषित चयन सूची को महाविद्यालय के सूचना-पट्ट, कॉलेज के मुख्य द्वार तथा महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करना सुनिश्चित करेंगे।
5. सभी महाविद्यालय केवल DSW के ई-मेल के माध्यम से प्रेषित चयन सूची के अनुसार ही स्पॉट राउंड में नामांकन लेंगे। किसी भी परिस्थिति में चयन सूची से बाहर किसी अभ्यर्थी का नामांकन नहीं लिया जाए।
6. सभी महाविद्यालय यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी विषय में निर्धारित सीटों की संख्या से अधिक नामांकन किसी भी परिस्थिति में नहीं लिया जाए।

05.09.26

# पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ

अध्यक्ष छात्र कल्याण

Email ID :- dsw@purneau.ac.in

बिहार-854301.


7. बैंक अवकाश की स्थिति में विद्यार्थियों को नामांकन शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं, इसके लिए संबंधित महाविद्यालय अपने स्तर से Q.R. Code/ ऑनलाइन भुगतान की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, ताकि अभ्यर्थी निर्धारित अवधि में अपना नामांकन करा सकें।
8. जिन अभ्यर्थियों द्वारा QR Code/ ऑनलाइन माध्यम से नामांकन शुल्क का भुगतान किया जाता है, उनसे संबंधित महाविद्यालय UTR Number/ Transaction Reference Number अनिवार्य रूप से प्राप्त कर सुरक्षित रखेंगे, ताकि भुगतान का उचित सत्यापन एवं अभिलेखीकरण किया जा सके।
9. सभी संबंधित महाविद्यालय यह सुनिश्चित करेंगे कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों को किसी प्रकार की अनावश्यक कठिनाई न हो तथा निर्धारित अवधि के अंदर नामांकन की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न कराई जाए।

अतः सभी संबंधित अभ्यर्थियों एवं महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्त निर्देशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करें।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार

05.09.26

अध्यक्ष, छात्र कल्याण

**ज्ञापांकः– PUP (DSW - 09/26) - 122 /26** **दिनाकः– 05-09-2026**

**प्रतिलिपिः–**

1. सभी प्रधानाचार्य/प्रभारी प्रधानाचार्य सभी अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालय, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
2. परीक्षा नियंत्रक, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
3. उप कुलसचिव (शैक्षणिक), पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
4. उप कुलसचिव (पंजीयन), पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
5. Samarth Nodal Officer, Purnea University, Purnia.
6. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ।
7. सूचना पट्ट।
8. गार्ड फाईल।

05.09.26

अध्यक्ष, छात्र कल्याण